आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 21.02.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप– सोल कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया।
- बजट सत्र के चौथे दिन आज सदन में ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, गृह और कौशल विकास से जुड़े प्रश्न उठाए गए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है।
- उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं शुरू।

पीएम कॉन्क्लेव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत एक वैश्विक ऊर्जा के रूप में उभर रहा है और इसके लिए हर क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप–सोल कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विश्व स्तरीय शासन और नीति बनाने वाले पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

वैश्विक नेतृत्व में सोल के महत्व के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि मानव संसाधन राष्ट्र के विकास में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय, विकसित भारत की दृष्टि को प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील है और देश को उन संसाधनों की आवश्यकता है, जो नवाचार और कौशल को बढ़ा सकते हैं।

बजट सत्र

राज्य विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन आज सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई। इस दौरान ऊर्जा, कृषि, उद्यान, गृह, स्वास्थ्य, पशुपालन, ग्राम्य विकास और कौशल विकास से जुड़े प्रश्न उठाए गए। कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने राज्य में प्राकृतिक खेती की स्थिति और उत्पादन को लेकर सवाल किया, जिस पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी और चमोली में एक हजार हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती की जा रही है।

भाजपा विधायक बृजभूषण गैरोला के प्रश्न पर विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि राज्य में नमामि गंगे प्राकृतिक कृषि कॉरिडोर योजना के अन्तर्गत पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी और चमोली जिले के 1 हजार 950 हेक्टेयर क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती की जा रही है।

कांग्रेस विधायक वीरेंद्र जाती ने प्रदेश के पर्वतीय और मैदानी जिलों में पॉलीहाउस पर सब्सिडी की जानकारी मांगी। कृषि मंत्री ने बताया कि क्षेत्रफल के हिसाब से अलग–अलग सब्सिडी दी जाती है।

विधायक महेश जीना ने पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि योग्य बंजर भूमि का मुददा उठाया।

विधायक वीरेंद्र जाती के सवाल के जवाब में विभागीय मंत्री सौरभ बहुगुणा ने बताया कि सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर आठ लाख लोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि विभाग का कुल बजट 15 करोड़ रुपये है। रोजगार मेलों के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिला है।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने आज देहरादून विधानसभा भवन में अंतरराष्ट्रीय संसदीय अध्ययन, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह संस्थान संसदीय अध्ययन, शोध और प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जो विधायकों, शोधकर्ताओं और नीति–निर्माताओं को संसदीय प्रणाली को और अधिक प्रभावी ढंग से समझने में सहायता प्रदान करेगा।

कृषि विज्ञान सम्मेलन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कल पेश हुए प्रदेश के आम बजट में भी अन्नदाताओं के लिए कई प्रावधान किए हैं। श्री धामी आज गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित '17वें कृषि विज्ञान सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, प्रदेश में सगंध खेती को बढ़ावा देने की दिशा में भी तेजी से कार्य कर रही है।

बोर्ड परीक्षाएं

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो गई हैं। परीक्षा के दौरान नकल रोकने के लिए राज्य के सभी 1 हजार 245 परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गई है। साथ ही नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सचल दस्ते भी गठित किए गए हैं। परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में कुल 2 लाख 23 हजार 387 छात्र–छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं। हाईस्कूल में 1 लाख 13 हजार 688 और इंटरमीडिएट में 1 लाख 09 हजार 699 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए 24 घंटे संचालित होने वाला एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेगा और बोर्ड कार्यालय को सूचनाएं प्रदान करेगा।

धन सिंह रावत

इस वर्ष बोर्ड परीक्षा का परिणाम 20 अप्रैल को जारी कर दिया जाएगा। ये जानकारी देते हुए शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि नकलविहीन परीक्षा के लिए सभी प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर से 5 से 10 टॉपर छात्र–छात्राओं को देश के कई हिस्सों में शैक्षिक भ्रमण करवाया जाएगा।

चिकित्सा शिविर

चम्पावत जिले के चौकी गांव स्थित घटोत्कच मंदिर में वृहद चिकित्सा शिविर लगाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने बताया शिविर में सामान्य रोग, ईएनटी, स्त्री रोग और बाल रोग सहित कई अन्य रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके अलावा खून की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई।